an>

Title: Need to undertake conversion of Udaipur-Ahmedabad via Dungarpur and Himmatnagar railway line into broadguage.

श्री अर्जुन लाल मीणा (उदयपुर): मैं सरकार का ध्यान मेरे लोक सभा क्षेत्र राजस्थान के उदयपुर की रेल लाइन आमान परिवर्तन की तरफ दिलाना चाहता हूँ। विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले ""झीलों की नगरी"" के नाम से मशहूर ""उदयपुर सिटी"" को अहमदाबाद वाया डूंगरपुर-हिम्मतनगर (गुजरात) से ब्रॉडगेज लाइन से जोड़ने के लिए यू.पी.ए. सरकार के कार्यकाल के दौरान रेल बजट में घोषणा की गई थी लेकिन पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय में इस महत्वाकांक्षी रेल लाइन को मीटर गेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने के कार्य में कोई संतोषप्रद प्रगति नहीं हुई है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उदयपुर-अहमदाबाद वाया डूंगरपुर-हिम्मतनगर रेल लाइन को मीटर गेज से ब्रॉडगेज में परिवर्तित करने के आमान परिवर्तन के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए आगामी रेल बजट में इस रेल लाइन के लिए पर्याप्त धनराशि का प्रावधान कर शीघ्रातिशीघ्र रेल लाइन को शुरू कराया जाए ताकि उद्योगों, सांस्कृतिक एवं धार्मिक पर्यटकों को रेल सुविधा का लाभ जल्द से जल्द मिल सके।